
दैनिक
# उत्तराखण्ड प्रहरी
वर्ष 15 /अंक 60 / पृष्ठ 8
हरिद्वार, शनिवार, 29 अप्रैल 2023
uttarakhandprahari19@gmail.com | e-paper: uttarakhandprahari.com
उत्तराखण्ड का सबसे विश्वसनीय मीडिया पार्टनर
RNI No. :- UTTHIN/2009/27592
मूल्य- 2 रु.



कांग्रेस का गहराता संकट
'तेजाब' के रीमेक में काम नहीं कर रहे हैं कार्तिक आर्यन!

# प्रौद्योगिकी क्रांति ने रेडियो को नए अवतार में पेश किया है: पीएम मोदी



**नई दिल्ली।** प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने शुक्रवार को 18 राज्यों और दो केंद्र शासित प्रदेशों में फैले 91 एफएम ट्रांसमीटर्स का उद्घाटन किया और कहा कि उनकी सरकार देश के हर नुक्कड़ और कोने में लोगों को प्रौद्योगिकी तक सस्ती पहुंच प्रदान करने की दिशा में काम कर रही है।

सीमावर्ती क्षेत्रों और आकांक्षी जिलों में 91 एफएम ट्रांसमीटरों का वीडियो कांफ्रेंस के माध्यम से उद्घाटन करते हुए मोदी ने कहा कि इस कदम से एफएम रेडियो सेवाएं दूरदराज के क्षेत्रों में रहने वाले दो करोड़ से अधिक लोगों तक पहुंचेंगी और उन्हें सूचना तक सस्ती पहुंच मिलेगी। इस अवसर पर मोदी ने कहा, ए एफएम ट्रांसमीटर कई सेवाओं में महत्वपूर्ण भूमिका निभाएंगे, चाहे वह समय पर सूचना का प्रसार हो, कृषि के लिए मौसम का पूर्वानुमान हो या महिला स्वयं सहायता समूहों को नए बाजारों से जोडऩा हो। इस कार्यक्रम में 18 राज्यों और दो केंद्र शासित प्रदेशों के मुख्यमंत्रियों, जन प्रतिनिधियों, पद्म पुरस्कार विजेताओं और अधिकारियों ने भाग लिया। सूचना एवं प्रसारण मंत्री अनुराग ठाकुर लद्दाख से समारोह में शामिल हुए। एफएम सेवाओं का यह विस्तार प्रधानमंत्री के मासिक रेडियो कार्यक्रम मन की बात की 100वीं कड़ी के प्रसारण से दो दिन पहले किया गया है। मोदी ने कहा, तकनीकी क्रांति ने रेडियो और एफएम को एक नए तरीके से आकार दिया है। रेडियो अप्रचलित नहीं हुआ है। ऑनलाइन एफएम और पॉडकास्ट के जरिए यह एक नए अवतार में आ गया है। डिजिटल इंडिया ने इसे नए श्रोता दिए हैं। उन्होंने कहा कि 91 एफएम ट्रांसमीटर्स के साथ आकाशवाणी राष्ट्रीय स्तर पर अपनी एफएम सेवाओं को विस्तार देने की राह पर है। प्रधानमंत्री ने कहा कि वह जल्द ही मन की बात की 100वीं कड़ी प्रस्तुत करेंगे। उन्होंने कहा कि देश भर के लोगों के साथ उनका गहरा जुड़ाव रेडियो के अलावा किसी अन्य माध्यम से संभव नहीं हो पाता। उन्होंने कहा कि गांवों में ऑप्टिकल फाइबर नेटवर्क के विस्तार से मोबाइल और डेटा की लागत में कमी आई है, जिससे सूचना तक पहुंच में आसानी हुई है। उन्होंने कहा, आज देश के कोने-कोने से डिजिटल उद्यमी उभर रहे हैं। यहां तक कि रेहड़ी-पटरी वाले भी अब डिजिटल लेनदेन का उपयोग कर रहे हैं, वे बैंकिंग सुविधाओं का लाभ उठा रहे हैं। प्रधानमंत्री ने कहा कि सरकारी ई-मार्केटप्लेस ने छोटे उद्योगों को बढऩे और विकसित करने में बड़ी भूमिका निभाई है। उन्होंने कहा, प्रौद्योगिकी की भूमिका अब लोगों के जीवन के हर पहलू में बढ़ गई है। उन्होंने कहा, आज डीटीएच सेवाओं पर कई शिक्षा पाठ्यक्रम उपलब्ध हैं। एफएम रेडियो और डीटीएच दोनों ने डिजिटल इंडिया के भविष्य के लिए एक राह दिखाई है। रविवार 30 अप्रैल को इस कार्यक्रम की 100वीं कड़ी का प्रसारण होना है।

नई एफएम सेवा का बिहार, झारखंड, ओडिशा, पश्चिम बंगाल, असम, मेघालय, नगालैंड, हरियाणा, राजस्थान, उत्तर प्रदेश, उत्तराखंड, आंध्र प्रदेश, केरल, तेलंगाना, छत्तीसगढ़, गुजरात, मध्य प्रदेश, महाराष्ट्र और केंद्र शासित प्रदेश लद्दाख तथा अंडमान और निकोबार द्वीप समूह में विस्तार किया गया है।

## दिल्ली हवाई अड्डे पर बम की फर्जी सूचना देने के आरोप में युवक गिरफ्तार

**नई दिल्ली।** दिल्ली के इंदिरा गांधी अंतरराष्ट्रीय हवाई अड्डे पर बम रखने की फर्जी धमकी देने के आरोप में उत्तर प्रदेश के 20 वर्षीय युवक को गिरफ्तार किया गया है।

पुलिस के एक वरिष्ठ अधिकारी ने शुक्रवार को बताया कि सोमवार को आईजीआई हवाई अड्डा पुलिस थाने को एक व्यक्ति ने फोन किया था। उनके अनुसार, फोन करने वाले व्यक्ति ने दावा किया कि हवाई अड्डे पर बम रखा हुआ है। इसके चार दिन बाद यह गिरफ्तारी की गई।

अधिकारी ने बताया कि फोन आने के बाद हवाई अड्डे की गहन तलाशी ली गई लेकिन कुछ भी संदिग्ध नहीं मिला। उन्होंने बताया कि इसके बाद कॉल को अफवाह घोषित कर दिया गया। उन्होंने बताया कि जब पुलिस ने उस नंबर पर फोन किया जिस नंबर से फोन आया था तो वह फोन नंबर बंद पाया गया। उन्होंने बताया कि जांच के दौरान पुलिस को पता चला कि फोन उत्तर प्रदेश से किया गया था और जिस नंबर से कॉल आई थी वह हापुड़ निवासी जाकिर के नाम पर पंजीकृत था। अधिकारी ने बताया कि जाकिर को गिरफ्तार कर उसके खिलाफ एक मामला दर्ज किया गया और जांच की जा रही है।

## डान में भारतीय दूतावास ने सीमित कर्मचारियों के साथ चौबीसों घंटे काम किया : वतन लौटे लोगों ने कहा



**मुंबई।** सूडान से ऑपरेशन कावेरी के तहत मुंबई लाए गए लोगों में से कुछ ने बताया कि अफ्रीकी देश में भारतीय दूतावास ने सीमित कर्मचारी होने के बावजूद वहां फंसे नागरिकों को निकालने के लिए चौबीसों घंटे काम किया। मुंबई पहुंचे इन यात्रियों ने पिछले सात दिन के अपने खौफनाक अनुभव बयां किए। कारोबारी अब्दुल कादिर (39) ने बताया कि खार्तूम में स्थिति बिगडऩे के बाद भारतीय राजदूत बी एस मुबारक और आठ अधिकारियों के उनके दल ने लगातार काम किया।

उन्होंने कहा, सीमित कर्मचारी होने के बावजूद भारतीय दूतावास ने बिना रुके असीमित काम किया। वे चौबीसों घंटे हमारी निकासी की व्यवस्था करने में जुटे रहे। कादिर ने कहा कि मुबारक खुद खार्तूम में संघर्ष से सबसे ज्यादा प्रभावित क्षेत्र में फंसे हुए थे, लेकिन वह लगातार दूतावास कर्मियों और स्वयंसेवियों के संपर्क में थे।

उन्होंने बताया कि राजदूत ने प्रत्एक क्षेत्र में रह रहे भारतीयों के व्हाइट्सएप समूह बनाए और यह सुनिश्चित किया कि हर व्यक्ति को मदद मिले।कादिर के मुताबिक, रक्षा अताशे गुरप्रीत सिंह ने जोखिम लिया और उन्हें सुरक्षित इलाके तक लेकर आए। सूडान में 2017 से रह रहे कादिर ने कहा कि देश में तनावपूर्ण स्थिति कोई नई बात नहीं थी, लेकिन इस बार हालात अप्रत्याशित रूप से खराब हो गए। हालांकि, वह उम्मीद कर रहे थे कि रमजान में तनाव में कमी आएगी।उन्होंने कहा, एक घंटे के अंदर स्थिति नियंत्रण से बाहर हो गई।

## चंडीगढ़ यूनिवर्सिटी ने की 60 करोड़ की प्रवेश सह छात्रवृत्ति योजना की घोषणा

उत्तराखंड प्रहरी ब्यूरो




**हरिद्वार।** चंडीगढ़ यूनिवर्सिटी की और से छात्रों के लिए 60 करोड़ की राष्ट्रीय स्तर की प्रवेश सह छात्रवृत्ति परीक्षा की घोषणा की है। हरिद्वार में एक होटल में आयोजित प्रैसवार्ता के दौरान जानकारी देते हुए चंडीगढ़ यूनिवर्सिटी के प्रो.चांसलर डा.आरएस बाबा ने बताया कि यूनिवर्सिटी का एक मात्र उद्देश्य छात्रों को विश्व स्तरीय शिक्षा प्रदान कर प्रतिष्ठित संस्थानों में रोजगार के अवसर दिलाना है। इस लक्ष्य को प्राप्त करने के प्रयासों में संस्थान ने बहुत कम समय में शिक्षा, अनुसंधान तथा प्लेसमेंट के क्षेत्र में सफलता अर्जित करते हुए प्रतिष्ठित संस्थानों में स्थान बनाया है। उन्होंने बताया कि यूनिवर्सिटी में पढ़ रहे उत्तराखंड के छात्रों ने 22 पेटेंट दाखिल किए हैं। जिनमें 8 छात्रा शामिल हैं। कैंपस प्लेसमेंट के दौरान उत्तराखंड के 310 छात्रों को विभिन्न प्रतिष्ठित कंपनियों में प्लेसमेंट हुआ है। चयनित छात्रों में 140 छात्राएं शामिल हैं। डा.आरएस बावा ने बताया कि इस वर्ष विभिन्न पाठ्यक्रमों के छात्रों को सीयूसीईटी परीक्षा के माध्यम से 60 करोड़ रूपए की छात्रवृत्ति प्रदान की जाएगी। स्थापना के बाद से यूनिवर्सिटी द्वारा अब तक लगभग 1 लाख छात्रों को छात्रवृत्ति प्रदान की गयी है। पिछले शैक्षणिक वर्ष में ही 21 हजार छात्र छात्राओं को छात्रवृत्ति प्रदान की गयी थी। उन्होने बताया कि चंडीगढ़ विश्वविद्यालय छात्रों को गुणवत्ता परक शिक्षा प्रदान करने के साथ अनुंसधान, खेलों और सांस्कृतिक गतिविधियों को बढ़ावा देने का प्रयास भी किया जा रहा है। सीयू के छात्रों ने विभिन्न राज्य, राष्ट्रीय और अंतर्राष्ट्रीय खेल प्रतियोगिताओं में शानदार प्रदर्शन करते हुए 133 पदक हासिल किए हैं।

## आवश्यक सूचना

'उत्तराखंड प्रहरी' के सभी पाठकों को सूचित किया जाता है कि आप अपने प्रिय अखबार 'उत्तराखंड प्रहरी' महाभियान में शामिल हो सकते हैं। आप अपने द्वारा लिखी गई कोई भी संरचना, कविता, कहानी, लेख या कार्यक्रम हमसे साझा कर सकते हैं। अच्छे लेख व कहानी को 'उत्तराखंड प्रहरी' में उचित स्थान दिया जाएगा। आप अपने प्रियजनों को जन्मदिन, सालगिरह या अन्य शुभ अवसरों पर बधाई संदेश भी दे सकते हैं।

आप हमें ईमेल
uttarakhandprahari19@gmail.com या
whatsup no 8077771906 पर भी भेज सकते हैं।

# संपादकीय

## 'लाल आतंक' कब तक?

नक्सली दो साल के बाद, छत्तीसगढ़ के दंतेवाड़ा में ही, एक बड़ा और भयानक हमला करने में कामयाब रहे हैं। हमले में हमारे 10 जवान और एक ड्राइवर 'शहीद' हुए हैं। इससे पहले 4 अप्रैल, 2021 को बीजापुर, सुकमा जिले के बॉर्डर पर नक्सली हमले में 22 जवान 'शहीद' हुए थे। दंतेवाड़ा नक्सली गतिविधियों का मुख्यालय माना जाता है। इतिहास का सबसे भयावह और त्रासद हमला 6 अप्रैल, 2010 को दंतेवाड़ा में ही किया गया था, जिसमें सीआरपीएफ के 76 जांबाज 'शहीद' हो गए थे। अप्रैल और दंतेवाड़ा के नाम हमारी बदकिस्मती और त्रासदी की कई कहानियां दर्ज हैं। नक्सली आंदोलन और सुरक्षा बलों के टकराव 'सनातन' रहे हैं। हालांकि बीते 12 सालों में 'लाल आतंकवाद' करीब 77 फीसदी कम हुआ है, लेकिन आज भी देश के 70 से अधिक जिलों में नक्सलवाद मौजूद और सक्रिय है। यह आंकड़ा कम नहीं है। मौजूदा हमला हमारी रणनीति की नाकामी भी है, क्योंकि फर्जी सूचनाएं मिलती रही हैं, लिहाजा सुरक्षा बलों के ऑपरेशन किए जाते रहे हैं। ऐसे ही ऑपरेशनों के दौरान हमारे जवान नक्सली साजिश का शिकार होते रहे हैं।

कमाल है कि बारूदी सुरंग बिछाने या विस्फोटक लगाने का जवाब हम आज तक नहीं दे पाए हैं। ये साजिशें जारी रही हैं। इस बार भी कुछ ऐसा ही हुआ। 'लीड' मिली थी कि दंतेवाड़ा में नक्सलियों का एक बड़ा नेता मौजूद है। करीब 250 जवानों के दस्तों का ऑपरेशन शुरू किया गया, लेकिन तीन दिनों की गहन तलाशी के बावजूद कोई भी नक्सली नहीं मिला, तो डिस्ट्रिक्ट रिजर्व गार्ड (डीआरजी) के जवान लौट रहे थे। उसी दौरान नक्सलियों ने आईईडी से विस्फोट किया। बताते हैं कि 40 किलोग्राम से ज्यादा विस्फोटक का इस्तेमाल किया गया, जिससे मुख्य सडक़ पर ही 15 फुट चौड़ा और 7 फुट गहरा गड्ढा हो गया। विस्फोट इतना ताकतवर था कि वाहन का चेसिस और पहिया 50 मीटर दूर पड़े थे। गाड़ी के परखच्चे उड़ गए थे और शहीद जवानों के हथियार टूट-फूट गए थे। नक्सलवाद को खत्म करने की रणनीतियां भारत सरकार के स्तर पर बनती रही हैं। कभी सेना को भेजने का विचार आता रहा है, लेकिन नक्सली घने जंगलों में अड्डे बनाकर रहते हैं, जहां बीते 50 सालों के दौरान कोई भी सरकारी अफसर या सुरक्षा बल के जवान नहीं घुस सके हैं। वहां का भूगोल तक हमारी सरकारें नहीं जान पाई हैं, तो गुरिल्ला लड़ाई से मुकाबला कैसे संभव है? नक्सलियों पर सर्जिकल स्ट्राइक का मुद्दा भी उठा है, लेकिन ऐसे पलटवार हमले में मासूम लोग, बच्चे, बूढ़े और महिलाएं भी मारे जा सकते हैं। नतीजतन वह मानवाधिकार और राजनीतिक चीखा-चिल्ली का बड़ा मुद्दा बन सकता है। तो फिर सवाल है कि 'लाल आतंकवाद' कब तक जारी रहेगा? हालांकि औसतन 400 नक्सली हर साल आत्म-समर्पण कर रहे हैं। यह खुलासा बस्तर रेंज के पुलिस महानिरीक्षक पी. सुंदरराज ने किया है। इस तरह नक्सली मुख्यधारा में आ रहे हैं और 'लाल आतंकवाद' के खिलाफ रणनीति तय करने में भी असरदार साबित हो रहे हैं, लेकिन किसानों को न्याय और जमीन मुहैया कराने के जुमलों से शुरू किया गया नक्सली आंदोलन आज 'हत्यारा आतंकवाद' बनकर रह गया है। क्या उसके समूल विनाश की कोई कारगर रणनीति हम नहीं बना सकते? यह चुनौती भी सामने है। हम नक्सली या माओवादी आतंकियों के मंसूबे पूरे होते नहीं देख सकते, क्योंकि उनका संसदीय लोकतंत्र में भरोसा ही नहीं है।

# कांग्रेस का गहराता संकट

कुलदीप चंद अग्निहोत्री



पार्टी ने अनुशासन में रहने के लिए कहा और अनुशासन में न रहने पर सख्ती की धमकियां भी दीं। लेकिन हाईकमान की ये धमकियां उन दिनों काम करती थीं जिन दिनों कांग्रेस के नेताओं को लगता था कि चुनाव में उनकी जीत सोनिया परिवार के कारण होती है। लेकिन अब मामला उल्ट गया लगता है। अब अशोक गहलोत या सचिन पायलट को लगता है कि राजस्थान में जीत उनके कारण होती है। उनकी जीत के कारण सोनिया गांधी परिवार का भारत की राजनीति में रुतबा बढ़ता है। यदि पायलट या गहलोत जैसे लोग राज्यों में जीत दर्ज नहीं करवा पाएंगे तो दिल्ली में सोनिया परिवार को कौन पूछेगा? सोनिया परिवार केवल इतना ही कर पाया कि उसने कर्नाटक चुनाव में स्टार प्रचारकों की सूची में सचिन पायलट का नाम शामिल नहीं किया। जाहिर है सचिन पायलट अपनी राजनीति राजस्थान में कर रहे हैं, उनको कर्नाटक जाने की कोई छटपटाहट नहीं हो रही होगी


सोनिया कांग्रेस का संकट थमने का नाम नहीं ले रहा। राजस्थान में सचिन पायलट मुख्यमंत्री बनने की इच्छा पाल रहे हैं। राजनीति में यह कोई बुरी बात नहीं है। इतना ही नहीं सचिन यह भी मान कर चल रहे हैं कि पिछली बार राजस्थान में कांग्रेस उनके बलबूते ही सत्ता के आसन तक पहुंची है। लेकिन सोनिया गान्धी ने उनके स्थान पर अशोक गहलोत को मुख्यमंत्री बना दिया था। सोनिया गान्धी परिवार में राहुल गान्धी व प्रियंका गान्धी सचिन के पक्ष में ही थे। लेकिन अशोक गहलोत ने उनकी एक नहीं चलने दी। अब विधानसभा के चुनाव फिर सिर पर आ रहे हैं। राहुल-प्रियंका गान्धी ने अशोक गहलोत को पार्टी अध्यक्ष का झुनझुना पकड़ाना चाहा ताकि सचिन को मुख्यमंत्री बना दिया जाए। लेकिन राजनीति के चतुर खिलाड़ी अशोक गहलोत ने ऐसा धोबी पटका मारा कि पूरी पार्टी की किरकिरी हो गई। अब लगता है सचिन पायलट ने निर्णय कर लिया है कि वे अपनी भविष्य की राजनीति के लिए राहुल-प्रियंका के समर्थन पर निर्भर नहीं रह सकते। वैसे भी उनके दूसरे युवा साथी सोनिया कांग्रेस का पल्ला छोड़ भारतीय जनता पार्टी में जा चुके हैं। शायद यही कारण है कि सचिन पायलट राजस्थान में अपनी ही पार्टी के खिलाफ धरना दे रहे हैं।

पार्टी ने अनुशासन में रहने के लिए कहा और अनुशासन में न रहने पर सख्ती की धमकियां भी दीं। लेकिन हाईकमान की ये धमकियां उन दिनों काम करती थीं जिन दिनों कांग्रेस के नेताओं को लगता था कि चुनाव में उनकी जीत सोनिया परिवार के कारण होती है। लेकिन अब मामला उल्ट गया लगता है। अब अशोक गहलोत या सचिन पायलट को लगता है कि राजस्थान में जीत उनके कारण होती है। उनकी जीत के कारण सोनिया गान्धी परिवार का भारत की राजनीति में रुतबा बढ़ता है। यदि पायलट या गहलोत जैसे लोग राज्यों में जीत दर्ज नहीं करवा पाएंगे तो दिल्ली में सोनिया परिवार को कौन पूछेगा? सोनिया परिवार केवल इतना ही कर पाया कि उसने कर्नाटक चुनाव में स्टार प्रचारकों की सूची में सचिन पायलट का नाम शामिल नहीं किया। जाहिर है सचिन पायलट अपनी राजनीति राजस्थान में कर रहे हैं, उनको कर्नाटक जाने की कोई छटपटाहट नहीं हो रही होगी। लेकिन इससे ज्यादा सजा सोनिया परिवार सचिन पायलट को दे ही नहीं सकता। दूसरा किस्सा बिहार के बाहुबली आनन्द मोहन का है। आजकल किस्से बाहुबलियों के ही चल रहे हैं, चाहे वह अतीक अहमद हो, मुख्तार अंसारी हो या फिर पंजाब की जेल में बन्द लारेंस बिश्नोई हो। लारेंस बिश्नोई की ख़ूबी यह है कि वह जेल में होने के बावजूद अपने वीडियो बना कर बाहुबली होने का प्रमाण देता रहता है। हर सरकार का बाहुबलियों से निपटने का अपना-अपना तरीका है। पंजाब सरकार का अपना है, उत्तर प्रदेश सरकार का अपना है। लेकिन तभी बिहार के मुख्यमंत्री नीतीश कुमार को लगा कि इस मामले में उनके शासन की छवि धूमिल होती जा रही है। उनके बाहुबली भी मैदान में आने चाहिए।

लेकिन समस्या गहरी थी। एक बाहुबली शहाबुद्दीन की तो अरसे पहले जेल में ही मौत हो गई थी। छोटे मोटे बाहुबलियों से काम चलने वाला नहीं था। आखिर उत्तर प्रदेश का अतीक और मुख्तार अंसारी, पंजाब का लारेंस बिश्नोई तो बिहार का भी उसी पाए का होना चाहिए था। नीतीश कुमार सारे काम धंधे छोड़ कर इसी काम में लग गए। खोजबीन शुरू हुई तो पुराने साथियों की सूचियां निकाली गईं। अतीक अहमद लोकसभा का सदस्य तक रह चुका था। तो नीतीश कुमार जी का बाहुबली भी उसी पाए का होना चाहिए।

# नौकरी में आने के बाद भी खेल अनिवार्य हो

भूपिंदर सिंह



वरिष्ठ राष्ट्रीय खेल प्रतियोगिता में पदक विजेता बनने के लिए दस वर्षों से भी अधिक समय तक खिलाड़ी को एकाग्रता से कठिन परिश्रम करना पड़ता है। इसलिए वह पढ़ाई के साथ-साथ सामाजिक व आर्थिक मोर्चे पर भी पीछे रह जाता है। खिलाडियों के त्याग व अंतरराष्ट्रीय स्तर पर खेल के महत्व को देखते हुए काफी सोच विचार के बाद केन्द्र व विभिन्न राज्यों की सरकारों ने खिलाडियों को अपने यहां विभिन्न विभागों में नौकरी के लिए आरक्षण देना शुरू किया है। हिमाचल प्रदेश में भी खेलों के लिए वह वातावरण ही नहीं बन पा रहा था जिसमें खिलाडियों को सही मंच मिल सके। सरकारी नौकरियों में खेल आरक्षण के बगैर हिमाचल से खिलाडियों को पलायन करना पड़ता था। इसलिए काफी लंबे संघर्ष के बाद हिमाचल प्रदेश में खेलों को बढ़ावा देने के लिए दो दशक पूर्व तत्कालीन मुख्यमंत्री प्रेम कुमार धूमल ने सरकारी नौकरियों में तीन प्रतिशत आरक्षण का प्रावधान करवा कर राज्य में खेलों को लोकप्रिय बनाने में बहुत बड़ा काम किया है। लालफीताशाही व विभागीय भाई-भतीजावाद के कारण आज जब खिलाड़ी को अपने खेल जीवन में नौकरी व आर्थिक सहायता की बहुत जरूरत होती है, उस समय उसे नौकरी नहीं मिल पा रही है। इस विषय पर सरकार को ध्यान देना होगा। दो दशक पहले सरकारी नौकरियों में एक प्रतिशत आरक्षण तो था मगर उसे मंत्रिमंडल की मंजूरी से उसे ही दिया जाता था जिसकी पहुंच बहुत ऊपर तक होती थी। रोस्टर में पद का प्रावधान नहीं होने के कारण पद में भर्ती होते समय काफी दिक्कतों का सामना करना पड़ता था। सरकारी नौकरियों के आरक्षण में सभी तृतीय श्रेणी या उससे निचली श्रेणी के लिए रोस्टर में प्रावधान किया है तथा प्रथम व दूसरे दर्जे के पदों को ओलंपिक, राष्ट्रमंडल व एशियाड में पदक विजेताओं को मंत्रिमंडल की अनुमति से भरने का प्रावधान रखा है। इसलिए प्रथम श्रेणी के पद पर ओलंपियन रजत पदक विजेता शूटर विजय कुमार, एशियाड में स्वर्ण पदक विजेता कबड्डी टीम के सदस्य अजय ठाकुर व अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट खिलाड़ी सुषमा वर्मा को हिमाचल प्रदेश पुलिस में मंत्रिमंडल की सहमति से सीधे डीएसपी भर्ती किया है। खेल विभाग में भी राष्ट्रीय खेलों के मुक्केबाजी में स्वर्ण पदक विजेता व अंतरराष्ट्रीय मुक्केबाजी प्रशिक्षक अनुराग को भी मंत्रिमंडल की शिफारिश पर जिला युवा सेवाएं एवं खेल अधिकारी के प्रथम श्रेणी पद पर पदोन्नत किया है। पदमश्री अजय ठाकुर व ओलंपिक पदक विजेता शूटर विजय कुमार भी खेल आरक्षण से हिमाचल पुलिस में डीएसपी हैं। खिलाडियों का वर्गीकरण करने के लिए ओलंपिक के पदक विजेताओं को कैटेगरी एक तथा एशियाड व राष्ट्रमंडल खेलों के पदकधारियों को कैटेगरी दो में रखा गया। वरिष्ठ राष्ट्रीय खेलों के पदक विजेताओं को कैटेगरी तीन में स्थान दिया गया। कैटेगरी चार में अखिल भारतीय अंतर विश्वविद्यालय, स्कूली व कनिष्ठ राष्ट्रीय खेल प्रतियोगिताओं के पदक विजेताओं के साथ-साथ भारत सरकार के खेल मंत्रालय द्वारा आयोजित पायका व अंडर 25 वर्ष आयु वर्ग की महिलाओं की राष्ट्रीय प्रतियोगिताओं के पदकधारियों को भी इसमें शामिल किया गया। कैटेगरी चार में ही वरिष्ठ राष्ट्रीय खेल प्रतियोगिताओं में तीन बार प्रतिनिधित्व करने वाले खिलाडियों को भी इसमें शामिल किया गया है।

कैटेगरी तीन तक के उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले खिलाडियों को सरकारी नौकरियों में भर्ती के समय किसी भी प्रवेश परीक्षा या साक्षात्कार से छूट है। विभाग रोस्टर में आये पदों को सीधे खेल विभाग में बने खेल आरक्षण सैल को भेजता है। खेल विभाग का आरक्षण सैल की कमेटी खिलाडियों की वरिष्ठता सूची तय करती है और फिर इस सूची को वाापिस उसके विभाग को भेजा जाता है। कैटेगरी चार के खिलाडियों को कमीशन या विभाग द्वारा ली गई भर्ती परीक्षा में पास अंक प्राप्त करने वाले खिलाड़ी प्रतिभागियों की सूची को खेल विभाग के आरक्षण सैल को भेज कर खेल प्रदर्शन के आधार पर वरिष्ठता तय की जाती है। पिछले सालों में हुई पटवारी भर्ती में भी इस तरह की हेराफेरी हुई थी और कुल्लू व कांगड़ा जिलों के कुछ प्रतिभागियों को उच्च न्यायालय के माध्यम से अपनी सीट को प्राप्त करना पड़ा था।

**वैद्यानिक सूचना**

**उत्तराखंड प्रहरी** के संपादन में हम प्रयासरत है कि हमारी ओर से खबर में किसी भी प्रकार की कोई त्रुटि न हो। हमारी कोशिश है कि अखबार में छपी किसी खबर, रिपोर्ट, फीचर या लेख से व्यक्ति विशेष, संगठन या समुदाय की भावना को ठोस न पहुंचे। **उत्तराखंड प्रहरी** में प्रकाशित लेख, विश्लेषण और साभार, ली गई सामग्री के विचार संबंधित लेखकों और रचनाकारों के निजी विचार हैं, न कि अखबार के। अतः सभी पाठकों से आग्रह है कि वे किसी सूचना, समाचार, विज्ञापनों आदि के आधार पर कोई फैसला करने से पहले तथ्यों की स्वयं पुष्टि कर लें। उसके लिए किसी भी प्रकार से लेखक, संपादक, प्रकाशक, प्रिंटर या विक्रेता को उत्तरदायी नहीं ठहराया जा सकता है। तथा किसी भी कारोबारी और निज निर्णय के लिए **उत्तराखंड प्रहरी** जिम्मेवार नहीं होगा।

# महिलाओं ने थामा आम आदमी पार्टी का हाथ

## महंगाई से महिलाओं का घर चलाना हुआ मुश्किलः हेमा भंडारी

उत्तराखंड प्रहरी ब्यूरो

**हरिद्वार।** आम आदमी पार्टी की एक बैठक देर रात वार्ड नंबर 9 बैराज कॉलोनी में हुई। जिसमें दर्जनों महिलाओं ने भाग लेते हुए पार्टी की प्राथमिक सदस्यता ग्रहण की। इस अवसर पर पार्टी की प्रदेश कार्यकारी प्रदेश अध्यक्ष महिला मोर्चा हेमा भंडारी ने कहा कि आज महंगाई चरम पर है। बढ़ती महंगाई के चलते महिलाओं का घर चलाना मुश्किल हो गया है। दूध , दही जैसी दैनिक उपयोग की वस्तुओं पर भी केंद्र सरकार टैक्स ले रही है। शिक्षा और स्वास्थ्य पर घर की सारी कमाई चली जाती है। युवा बेरोजगार है। यदि ऐसे ही सब चलता रहा तो आने वाला समय और विकट होने वाला है। आम आदमी पार्टी की सरकार दिल्ली और पंजाब में जनता को निशुल्क बिजली और पानी देकर बढ़ती महंगाई के चलते जनता को राहत देने का काम कर रही है।



प्रदेश सचिव महिला मोर्चा एडवोकेट बालेश सिंह ने कहा कि आम आदमी पार्टी में ही महिलाओं का हित सुरक्षित है। बेटी बचाओ बेटी पढ़ाओ का नारा देने वाली सरकार मैं आज महिला पहलवान न्याय के लिए प्रदर्शन कर रही है। अरविंद केजरीवाल की सरकार ने जनता को राहत देने का काम किया है। इसी का नतीजा है कि दिल्ली और पंजाब में आम आदमी पार्टी की सरकार को जनता पसंद कर रही है। विधानसभा अध्यक्ष अनिल सती ने कहा कि राज्य गठन में महिलाओं की भूमिका विशेष तौर पर रही है। आज देश में भय का वातावरण है। दैनिक उपभोग की वस्तुएं महंगी हो गई है। भ्रष्टाचार चरम पर है। प्रदेश का युवा बेरोजगार है। देश आजादी का 75 वा अमृत काल मना रहा है। परंतु देश की 83 करोड़ जनता आज भी फ्री के राशन पर निर्भर है। और दिल्ली में बैठी केंद्र सरकार इसे अपनी उपलब्धि बता रही है। आम आदमी पार्टी शिक्षा और स्वास्थ्य बेहतर काम कर रही है। अरविंद केजरीवाल का दिल्ली मॉडल देश में नहीं बल्कि विदेशों में भी पसंद किया जा रहा है। मात्र 10 वर्षों में ही आम आदमी पार्टी ने राष्ट्रीय पार्टी का दर्जा हासिल पर जनता का विश्वास हासिल किया है ।आम आदमी पार्टी में ही देश का भविष्य सुरक्षित है। बैठक में प्रदेश कार्यकारी अध्यक्ष महिला मोर्चा हेमा भंडारी, प्रदेश सचिव महिला मोर्चा एडवोकेट बालेश सिंह, विधानसभा अध्यक्ष मंयक गुप्ता, पूजा देवी सहित दर्जनों महिलाएं मौजूद रही।

# केबिनेट मंत्री चंदन रामदास के आकस्मिक निधन पर भाजपा ने जताया शोक




उत्तराखंड प्रहरी ब्यूरो

**हरिद्वार।** उत्तराखंड सरकार के कैबिनेट मंत्री और बीजेपी के वरिष्ठ नेता रहे स्वर्गीय चंदन रामदास के आकस्मिक निधन पर भाजपा जिला कार्यालय हरिद्वार पर शोक सभा आयोजित की गई जिसमें जिले भर के पदाधिकारी कार्यकर्ताओं के द्वारा स्वर्गीय चंदन राम दास जी के जीवन पर प्रकाश डालते हुए अपने- अपने विचार प्रकट किए। भाजपा जिला अध्यक्ष संदीप गोयल ने बताया कि आदरणीय चंदन राम दास जी अपने विधानसभा क्षेत्र के साथ-साथ पूरे प्रदेश के एक लोकप्रिय जन नेता थे जिस प्रकार उन्होंने अंतिम छोर पर बैठे हुए व्यक्ति की चिंता स्वयं करते हुए समाज को एक ऊर्जावान दशा और दिशा दी है।

उनके कार्यकाल में किए गए ऐतिहासिक विकास कार्यो हमेशा हम सबको याद रहेंगे। चंदन राम दास जी का जन्म 10 अगस्त 1957 में हुआ वह लगातार बागेश्वर विधानसभा सुरक्षित सीट से 4 बार विधायक रहे।

संदीप गोयल ने ईश्वर से प्रार्थना करते हुए दिवंगत आत्मा को ईश्वर अपने चरणों में स्थान दे एवं अपूरणीय क्षति सहन करने की परिवार को शक्ति प्रदान करें। निवर्तमान जिलाध्यक्ष डॉक्टर जयपाल सिंह चौहान ने बताया कि स्वर्गीय चंदन रामदास जी राजनीतिक कैरियर 1980 में शुरू हुआ वह 1997 में नगर पालिका बागेश्वर के निर्दलीय अध्यक्ष बने इससे पूर्व एमबी डिग्री कॉलेज हल्द्वानी में बीए प्रथम में निर्विरोध संयुक्त सचिव बने 1980 से राजनीति जीवन की शुरुआत की वह अपने क्षेत्र के लोकप्रिय नेता के साथ-साथ कद्दावर नेताओं मे गिने जाते थे कार्यकर्ताओं के प्रति उनका सरल स्वभाव एवं निरंतर मार्गदर्शन करते रहते थे।

शोक सभा में उपस्थित रहे जिला महामंत्री आशु चौधरी, आशुतोष शर्मा, नगर निगम पूर्व मेयर मनोज गर्ग, जिला उपाध्यक्ष लव शर्मा, रश्मि चौहान, आभा शर्मा, निर्मल सिंह, डॉ प्रदीप कुमार, रजनी वर्मा ,मोहित वर्मा, आलोक द्विवेदी, मनोज शर्मा, विक्रम भुल्लर, नेत्रपाल चौहान, अमरीश सैनी, नकली राम सैनी ,सचिन शर्मा, एजाज हसन, गौरव पुंडीर, सचिन निषिद्ध, अश्वनी कुमार, विशाल मुखिया, लक्ष्मण नगर, विपिन चौधरी, संदीप प्रजापति, किशोर कुमार आदि ने दिवंगत आत्मा को श्रद्धा सुमन अर्पित किए।

# समलैंगिकता को लेकर धर्माचार्यों की राय ले सुप्रीम कोर्टःपुरषोत्तम शर्मा

उत्तराखंड प्रहरी ब्यूरो

## अखिल भारतीय सनातन परिषद के प्रदेश अध्यक्ष दिनेश शर्मा बोले इस विषय पर जल्दबाजी ठीक नहीं

**हरिद्वारः** सुप्रीम कोर्ट में समलैंगिक संबंधों की मान्यता से जुड़ी याचिकाओं को लेकर धर्म जगत में भी बड़ी बहस शुरू हो गई है। अखिल भारतीय सनातन परिषद अंतर्राष्ट्रीय महामंत्री पुरषोत्तम शर्मा ने कहा है कि इस सम्बंध में कोई भी फैसला सुनाने से पहले सुप्रीम कोर्ट को धर्माचार्यों की राय भी लेनी चाहिए। साथ ही चिंता भी जताई है कि यदि समलैंगिक संबंधों को कानूनी मान्यता मिलती है तो समाज में विघटन और नैतिक पतन की स्थितियां पैदा होंगी।

मीडिया को जारी बयान में अखिल भारतीय सनातन परिषद के उत्तराखंड प्रदेश अध्यक्ष दिनेश शर्मा ने कहा कि इस विषय पर आगे बढ़ने से पहले, माननीय सर्वोच्च न्यायालय को एक समिति बनाकर धर्मगुरुओं, चिकित्सा क्षेत्र के लोगों, सामाजिक वैज्ञानिकों और शिक्षाविदों की राय लेनी चाहिए थी।₹ उन्होंने कहा कि विवाह का विषय विभिन्न नागरिक संहिताओं द्वारा शासित होता है। इस मामले में जल्दबाजी करना ठीक नहीं होगा। भारत पूरे विश्व में सनातन संस्कृति की अगुवाई करता है और समलैंगिक संबंधों से जुड़ा यह मामला हमारी संस्कृति के विपरीत है। देश की आत्मा सनातन धर्म से जुड़ी है। जिसमें समलैंगिकता के लिए कोई जगह नहीं है। उन्होंने कहा कि इससे व्यभिचार को बढ़ावा मिलेगा। धार्मिक क्षेत्र में विवाह का पहला स्थान है। यह हमारे अधिकार क्षेत्र का मामला है, अदालत का नहीं। समलैंगिकता पशुता की ओर ले जाएगी, यह प्रकृति के खिलाफ है। अंतर्राष्ट्रीय उपाध्यक्ष डॉक्टर सुनील कुमार बत्रा ने कहा कि इस तरह की कुरीतियां युवाओं को पश्चिमी सभ्यता की ओर ले जाएंगे जिससे देश की संस्कृति और अखंडता को भी खतरा पैदा हो सकता है।

# भाजपा किसान मोर्चा के मंडल महामंत्री बने नीतीश वालिया

## जन जन तक पहुंचाएंगे पार्टी की नीतियांः नीतीश वालिया

उत्तराखंड प्रहरी ब्यूरो

**हरिद्वार।** भारतीय जनता पार्टी के किसान मोर्चा के बहादराबाद मंडल का महामंत्री नीतीश वालिया को बनाया गया है। नीतीश वालिया के महामंत्री बनने से भाजपा कार्यकर्ताओं में खुशी की लहर है। कार्यकर्ताओं ने उनका फूल माला पहनाकर स्वागत किया। उन्होंने दायित्व देने पर पार्टी हाईकमान का आभार जताया है।

बहादराबाद मंडल का महामंत्री नीतीश वालिया ने भाजपा जिला अध्यक्ष संदीप गोयल, किसान मोर्चा के बहादराबाद मंडल अध्यक्ष ईश्वर सिंह सहित वरिष्ठ पदाधिकारियों का आभार व्यक्त करते हुए कहा कि पार्टी ने जो नई जिम्मेदारी उन्हें सौंपी है उसका पूरी निष्ठा के साथ निर्वहन किया जाएगा। अपने दायित्वों का भली-भांति निर्माण करेंगे। पार्टी संगठन को मजबूत करेंगे और आने वाले 2024 के चुनाव में मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी की जनकल्याणकारी योजनाओं को जन-जन तक पहुंचाने का कार्य करेंगे। उन्होंने कहा कि भारतीय जनता पार्टी किसानों के लिए कार्य कर रही है। किसानों के लिए योजनाएं संचालित की जा रही है। उन्होंने कहा कि प्रदेश और केंद्र की भाजपा सरकार किसानों, गरीबों के हित की योजनाएं संचालित कर रही है। किसानों के लिए सरकार पीएम, सीएम किसान सम्मान निधि देती है। उन्होंने कहा आने वाले समय में भी डबल इंजन की सरकार बनेगी। उन्होंने कहा कि केंद्रीय सरकार और उत्तराखंड सरकार जनकल्याणकारी योजनाएं चलाते हुए विकास की गंगा बहा रही है।



# रूट परिवर्तित कर संशोधित डीपीआर जारी नहीं होने पर आंदोलन होगा तेज: नीरज सिंघल

## संघर्ष में व्यापारियों का साथ दे संत समाज: संजय त्रिवाल

सुमित तिवारी / उत्तराखंड प्रहरी ब्यूरो




**हरिद्वार।** पॉड कार टैक्सी रूट का विरोध बढ़ता जा रहा है। शुक्रवार को व्यापारियों ने प्रांतीय उद्योग व्यापार मंडल के बैनर तले अपर रोड़ पर ढोल मजीरे बजाकर प्रदर्शन करते हुए परियोजना का रूट परिवर्तिन करने और संशोधित डीपीआर तैयार करने की मांग करते हुए आंदोलन तेज करने की चेतावनी दी है। प्रदर्शन के दौरान प्रांतीय उद्योग व्यापार मंडल के जिला अध्यक्ष डा.नीरज सिंघल ने कहा कि व्यापारी पॉड कार योजना का नहीं बल्कि रूट का विरोध कर रहे हैं। मुख्यमंत्री द्वारा व्यापारियों का पक्ष सुने जाने की बात कहे जाने के बावजूद अधिकारी अपनी हठधर्मिता पर अड़े हुए हैं। उन्होंने कहा कि अपर रोड़ पर यातायात बहुत ज्यादा है।

कुंभ मेले की पेशवाई के अलावा कई धार्मिक जुलूस अपर रोड़ से ही निकलते हैं। इसलिए पॉड कार टैक्सी का संचालन शहर से बाहर गंगा किनारे किया जाना चाहिए। डा.नीरज सिंघल ने यह भी कहा कि प्रतिदिन लाखों की संख्या में यात्री हरिद्वार आते हैं। पॉड कार में मात्र छह लोग ही यात्रा कर सकेंगे। जबकि हजारों व्यापारियों, स्थानीय लोगों व श्रद्धालुओं को परेशानी का सामना करना पड़ेगा। व्यापारियों के रोजगार से किसी भी प्रकार का समझौता स्वीकार नहीं किया जाएगा। जिला महामंत्री संजय त्रिवाल ने कहा कि उत्तराखंड मेट्रो रेल कॉरपोरेशन के अधिकारी हरिद्वार के व्यापार एवं व्यापारियों की कमर तोड़ने का प्रयास कर रहे है। किसी भी कीमत पर अति व्यस्तम मार्ग पर पॉड कार का संचालन नहीं होने दिया जाएगा। उन्होंने कहा कि 26 अप्रैल को सीसीआर टावर में उत्तराखंड मेट्रो रेल कॉर्पोरेशन के अधिकारियों के साथ बैठक में सभी व्यापारी संगठनों एवं सामाजिक संगठनों ने परियोजना का विरोध करते हुए बैठक का बहिष्कार कर दिया था। व्यापारियों एवं अन्य संगठनों के विरोध के बावजूद अधिकारियों ने पॉड कार एवं चंडी देवी- हरकी पैड़ी रोपवे के ग्लोबल टेंडर जारी कर दिए। त्रिवाल ने चेतावनी देते हुए कहा कि यदि एक सप्ताह में रुट बदलने एवं डीपीआर में संशोधन करने की घोषणा नहीं की गयी तो आंदोलन और तेज किया जाएगा। गांधीवादी तरीके से आंदोलन करते हुए पहले चरण में कर्मिक अनशन एवं उसके बाद अमरण अनशन शुरू किया जाएगा। उन्होंने संत समाज से भी पॉड कार टैक्सी परियोजना के प्रस्तावित रूट के विरोध में आगे आने की अपील भी की। संरक्षक तेज प्रकाश साहू ने कहा कि एक तरफ उत्तराखंड मेट्रो रेल कॉरपोरेशन के अधिकारी जनता को भ्रमित कर रहे हैं। योजना को लेकर स्थिति पूरी तरह साफ नहीं है।

अधिकारी एक तरफ सड़क की चैड़ाई 58 मीटर बता रहे हैं दूसरी और 70 मीटर सड़क की मांग कर रहे हैं। प्रदर्शन करने वालों में विनय त्रिवाल, पं.प्रदुमन भगत, गोपाल दास, सुनील कुमार, पवन सुखीजा, गगन गुगनानी, मनीष गुप्ता, अजय रावल, विशाल माहेश्वरी, राजेश अग्रवाल, सूरज कुमार, सुरेश शाह, संजीव सक्सेना, आनंद फौजी, राजीव शर्मा, महेश कुमार, अमन कुमार, साहिल शर्मा, धर्मेंद्र शाह, मनोज विश्नोई, हरिसिंह सोनी, मनोज राणा सहित बड़ी संख्या में व्यापारी मौजूद रहे।

# हरिद्वार में होगा, 29 अप्रैल को 6th ऑल इंडिया इन्विटेशनल जिम्नास्टिक एवं ताइक्वांडो चैंपियनशिप का आयोजन

## चैम्पियनशिप में 300 खिलाड़ी करेंगे शिरकत



उत्तराखंड प्रहरी ब्यूरो

**हरिद्वार।** 6th ऑल इंडिया इन्विटेशनल जिम्नास्टिक एवं ताइक्वांडो चैंपियनशिप का आयोजन हरिद्वार के गुरूमंडल आश्रम, देवपुरा में होने जा रहा है। 29 अप्रैल को आयोजित चैम्पियनशिप में हिमाचल प्रदेश, चंडीगढ़, राजस्थान, उत्तर प्रदेश, एवं उत्तराखंड के नामी गिरामी स्कूलों के खिलाड़ी शिरकत करेंगे। कार्यक्रम का आयोजन आर्यावर्त खेल संघ उत्तराखंड और आर्यावर्त खेल महासंघ भारत के तत्वावधान में किया जा रहा है।

देवभूमि जिम्नास्टिक्स अकादमी (हरिद्वार) के कोच एवं कार्यक्रम संयोजक रोहित केसले ने जानकारी देते हुए बताया कि निर्धारित कार्यक्रम भारत सेवाश्रम संघ आश्रम देवपुरा चौक, हरिद्वार के स्थान पर गुरूमंडल आश्रम देवपुरा हरिद्वार में किया जा रहा है। धार्मिक आयोजन के चलते स्थान परिवर्तन किया गया है और दो दिवसीय कार्यक्रम एक दिन में तब्दील किया गया है। उन्होंने बताया कि दिनांक 29 अप्रैल को ही 6th ऑल इंडिया इन्विटेशनल जिम्नास्टिक एवं ताइक्वांडो चैम्पियनशिप का शुभारंभ और समापन होगा। उन्होंने कहा कि इस चैम्पियनशिप में यूपी के गायत्री पब्लिक स्कूल (आगरा), मदर टेरेसा मेमोरियल पब्लिक स्कूल (सहारनपुर), एमएस पब्लिक स्कूल (शामली), दून हिल पब्लिक स्कूल (देवबंद), मेपल्स अकादमी (देवबंद) आरएजीएस परिवार (मुजफ्फरनगर) के खिलाड़ी आ रहें हैं। वहीं राजस्थान से सवाई मानसिंह स्टेडियम (जयपुर), स्टार जिम्नास्टिक्स अकादमी (चंडीगढ़) शिमला जिम्नास्टिक्स अकादमी (हिप्र) के साथ उत्तराखंड के होली एंजेल स्कूल रेशम माजरी (देहरादून), सेंट जार्जेस कालेज (मसूरी), देवभूमि जिम्नास्टिक्स अकादमी (हरिद्वार) के लगभग 300 खिलाड़ी शिरकत करने वाले हैं। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के तौर पर आकाश कुसुम बछेती, निदेशक, होली एंजल ग्रुप आफ स्कूल ऋषिकेश, हरिद्वार, रेशम माजरी देहरादून, प्रतियोगिता निदेशक अरविंद सिंह फ्रेंड, चिनार पब्लिक स्कूल अलवर, राजस्थान, तकनीकी समिति के प्रमुख निदेशक अरूण त्रिपाठी, सेंट जार्जेस, कालेज मसूरी एवं जितेन्द्र भाटिया, अध्यक्ष आर्यावर्त खेल महासंघ भारत मौजूद रहेंगे

# बद्रीनाथ धाम में स्वच्छता के लिए आगे आए आईटीबीपी के जवान

उत्तराखंड प्रहरी ब्यूरो



**देहरादून।** उत्तराखण्ड में चारधाम यात्रा के आरम्भ के साथ ही आईटीबीपी द्वारा श्री बद्रीनाथ धाम एवं इसके आस-पास स्वच्छता बनाए रखने में महत्वपूर्ण योगदान दिया जा रहा है। आईटीबीपी के जवानों द्वारा बद्रीनाथ मंदिर के निकट पहाड़ियों व जलस्रोतों को स्वच्छ रखने हेतु अभियान चलाया गया है। गुरूवार को श्री बद्रीनाथ धाम के कपाट खुलने के अवसर पर आईटीबीपी के जवानों द्वारा श्री बद्रीनाथ मंदिर के निकट दुर्गम पहाड़ी पर रैपलिंग करते हुए यात्रियों द्वारा फेंके गए कूड़े को हटाया गया। आईटीबीपी द्वारा यह अभियान निरन्तर जारी रहेगा। प्रशासन ने भी आईटीबीपी के जवानों के इस स्वच्छता अभियान की प्रंशसा की। इससे चारधाम यात्रा पर आने वाले सभी तीर्थयात्रियों एवं स्थानीय लोगों को धामों व चारधाम यात्रा मार्ग पर स्वच्छता बनाए रखने की प्रेरणा मिलेगी। उत्तराखण्ड के मुख्यमंत्री श्री पुष्कर सिंह धामी ने भी आईटीबीपी के जवानों को श्री बद्रीनाथ धाम में स्वच्छता अभियान संचालित करने के लिए बधाई एवं शुभकामनाएँ दी है।

# मेरठ में कैंटर की टक्कर से स्कूटी सवार महिला समेत दो की मौत



**मेरठ (उप्र)।** मेरठ जिले के खरखौदा थाना इलाके में एक कैंटर की टक्कर लगने से स्कूटी सवार महिला और उसके भतीजे की मौत हो गई। पुलिस ने शुक्रवार को यह जानकारी दी।

पुलिस अधीक्षक (ग्रामीण) कमलेश बहादुर ने पीटीआई-भाषा को बताया कि बृहस्पतिवार की रात हापुड़ पुलिस यहां दबिश देकर टीपी नगर थाना क्षेत्र के गुप्ता कालोनी निवासी चेतन प्रकाश गर्ग को गिरफ्तार कर ले जा रही थी। पुलिस के वाहन के पीछे गर्ग की पत्नी चित्रा (45) और भतीजा मोहित (26) स्कूटी से जा रहे थे, तभी उनकी स्कूटी की खरखौदा थाना क्षेत्र के अंतर्गत आने वाले लोहिया नगर के नजदीक बुलंदशहर-मेरठ राजमार्ग पर एक कैंटर से टक्कर हो गई। हादसे में चित्रा और मोहित दोनों की मौत हो गई। उन्होंने बताया कि पुलिस ने कैंटर को कब्जे में ले लिया लेकिन उसका चालक फरार हो गया। उधर, गर्ग के परिजनों ने सवाल किया कि पुलिस जबर्दस्ती चेतन प्रकाश गर्ग को घर से उठा कर ले गई थी और जब उनके खिलाफ वारंट था तो हादसे के बाद उनको कैसे छोड़ दिया ? इस आरोप पर पुलिस अधीक्षक ने कहा कि गर्ग का जमानती वारंट था, उन्होंने जमानत दी जिसके बाद उन्हें छोड़ दिया गया। पीड़ित पक्ष ने यह भी आरोप लगाया कि पुलिस न केवल सादे कपड़ों में आई थी बल्कि वह निजी वाहन से आई थी।0 घटना के समय महिला और उसका भतीजा कथित रूप से पुलिस की उस गाड़ी का पीछा कर रहे थे जिसमें महिला का पति सवार था और जिसको पुलिस चेक बाउंस के एक मामले में घर से उठा कर लाई थी।

# शंघाई सहयोग संगठन के सदस्यों को देशों की संप्रभुता का सम्मान करना चाहिए: गडकरी



**नई दिल्ली।** केंद्रीय मंत्री नितिन गडकरी ने शुक्रवार को कहा कि शंघाई सहयोग संगठन (एससीओ) के देशों के साथ संपर्क भारत की प्राथमिकता है।

उन्होंने प्रत्एक देश की क्षेत्रीय अखंडता और संप्रभुता को कायम रखने के लिए मांग-आधारित, सतत विकास सुनिश्चित करने पर जोर दिया।

सड़क परिवहन और राजमार्ग मंत्री गडकरी ने एससीओ के परिवहन मंत्रियों की 10वीं बैठक की अध्यक्षता करते हुए कहा कि भारत इस क्षेत्र में अर्थव्यवस्था और जनसंपर्क को बढ़ावा देने के लिए एससीओ पर विशेष ध्यान देता है।

उन्होंने कहा, एक-दूसरे से संपर्क अपने आप में ही एक आर्थिक गुणक है... एससीओ देशों के साथ संपर्क हमारी प्राथमिकता है। हमें हर देश की संप्रभुता और क्षेत्रीय अखंडता के लिए सहयोग, मांग आधारित विकास और सम्मान सुनिश्चित करना चाहिए।

उन्होंने कहा कि भारत परिवहन क्षेत्र को अधिक कुशल और विश्वसनीय बनाने के लिए समाधानों को बढ़ावा देने के लिए प्रतिबद्ध है। गडकरी ने कहा, भारत, एससीओ सदस्यों की पहल की सराहना करता है। एससीओ का उद्देश्य क्षेत्र में सुरक्षा को मजबूत करना और राजनीतिक व्यापार, विज्ञान और प्रौद्योगिकी में सहयोग बढ़ाना है। उन्होंने कहा, हम सभी को आश्वस्त करते हैं कि भारत इस क्षेत्र में जुड़ाव में सुधार के लिए सहयोग करने के लिए तैयार है।

गडकरी ने ट्वीट में कहा, सभी सदस्य देश डिजिटल परिवर्तन और नवीन प्रौद्योगिकियों को बढ़ावा देने, परिवहन को कार्बन मुक्त करने और दक्षता तथा स्थिरता बढ़ाने के लिए एससीओ सदस्य राष्ट्रों के साथ मिलकर काम करने के विचार से सहमत हैं।

# जेट एयरवेज के मनोनीत सीईओ संजीव कपूर ने इस्तीफा दिया

**नई दिल्ली, (वार्ता)।** जेट एयरवेज के मनोनीत सीईओ संजीव कपूर ने एयरलाइन छोड़ दी है और नोटिस की अवधि पूरी होने के बाद एक मई से कंपनी से हटेंगे। जालान कालरॉक कंसोर्टियम (जेकेसी) ने शुक्रवार को यह जानकारी दी। कंसोर्टियम ने घोषणा की, "जेकेसी जेट एयरवेज के पुनरुद्धार के लिए पूरी तरह से प्रतिबद्ध है और फिलहाल जेकेसी की कार्यकारी समिति सीईओ-नामित की जिम्मेदारियों की देखरेख करेगी।" नेशनल कंपनी लॉ ट्रिब्यूनल (एनसीएलटी) द्वारा इनसॉल्वेंसी एंड बैंकरप्सी कोड (आईबीसी) के तहत इसकी संकल्प योजना को मंजूरी दिए जाने के बाद एयरलाइन को पुनर्जीवित करने के लिए अपनी प्रयासों के रूप में कंसोर्टियम ने लगभग एक साल पहले इस क्षेत्र के दिग्गज कपूर की सेवायें ली थी। संजीव कपूर एयरलाइन के पुनरुद्धार के लिए अप्रैल 2022 में जेट एयरवेज में शामिल हुए थे। हालाँकि, जेट एयरवेज के पुनरुद्धार में मूल रूप से अनुमानित समय से अधिक समय लगा है। जेकेसी का कहना है कि वर्तमान में जेकेसी को जेट एयरवेज के स्वामित्व का हस्तांतरण चल रहा है और इसके बाद पिछले लेनदारों को देय बकाया राशि का निपटान किया जाएगा। जेकेसी बोर्ड के सदस्य अंकित जालान ने कहा, "जेट एयरवेज का पुनरुद्धार एक न्यायालय द्वारा अनुमोदित प्रक्रिया के माध्यम से है, जिसमें मूल रूप से हमारे द्वारा अनुमानित समय से अधिक समय लगा है, लेकिन यह कहने की आवश्यकता नहीं है कि जेकेसी जेट एयरवेज के पुनरुद्धार के लिए प्रतिबद्ध है।" "हम जेकेसी को जेट एयरवेज के स्वामित्व के हस्तांतरण को पूरा करने के अंतिम चरण में हैं, जिसके बाद हम अपने स्वीकृत संकल्प योजना के अनुसार पिछले लेनदारों को देय बकाया राशि का निपटान करेंगे और इसके तुरंत बाद, जेट एयरवेज के वाणिज्यिक परिचालन की सिफारिश करेंगे।

# लातिन अमेरिका के साथ व्यापार संबंध बढ़ाना चाहता है भारत: जयशंकर



**बोगोटा।** विदेश मंत्री एस जयशंकर ने कहा कि भारत और लातिन अमेरिका के बीच व्यापार 50 अरब डॉलर तक पहुंचने वाला है और भारत इसे और बढ़ाना चाहता है। उन्होंने बताया कि भारत की कंपनियां यहां ऊर्जा, खनन, कृषि और वाहन जैसे क्षेत्रों में बड़े पैमाने पर निवेश कर रही हैं।

कोलंबिया की राजधानी में भारत-कोलंबिया बिजनेस फोरम को संबोधित करते हुए जयशंकर ने बृहस्पतिवार को कहा कि लातिन अमेरिका के चार दिवसीय देशों की यात्रा का उद्देश्य इस क्षेत्र के साथ भारत के सहयोग को और बढ़ाने के तरीके खोजना है।

जयशंकर ने कहा, आज यहां आने का हमारा उद्देश्य लातिन अमेरिका में भारत की बढ़ती मौजूदगी को रेखांकित करना है। हमारे बीच व्यापार 50 अरब डॉलर प्रतिवर्ष के स्तर तक पहुंचने जा रहा है। हमारी कंपनियां इस क्षेत्र में ऊर्जा से लेकर खनन और कृषि से लेकर वाहन क्षेत्रों में बड़े पैमाने पर निवेश कर रही हैं।

उन्होंने कहा कि जहां तक व्यापार की बात है तो हम निश्चित ही इसे बढ़ाना चाहते हैं लेकिन हमें यह निर्णय लेना है कि निवेश कब, कहां और कितना करना है।श

भारत और कोलंबिया के ऐसे क्षेत्र जिनमें मिलकर काम किया जा सकता है, उनके बारे में बात करते हुए जयशंकर ने कहा कि भारत में भी चिकित्सा एवं सेहत बनाने के परंपरागत तौर-तरीके चलन में हैं जिनका व्यावसायिक उपयोग हो सकता है।

विदेश मंत्री ने कोलंबिया के निवेशकों से कहा, भारत में डिजिटल क्षेत्र में भी अभूतपूर्व प्रगति देखने को मिली है। आज भारत नवोन्मेष और स्टार्टअप का केंद्र बना है। यह 100 यूनिकॉर्न की भूमि है और इनकी संख्या लगातार बढ़ रही है। यदि आपकी दिलचस्पी साइबर सुरक्षा, कृत्रिम मेधा, ड्रोन या अंतरिक्ष संबंधी कार्यों में है तो भारतीय व्यापारियों से संपर्क करना लाभदायक होगा।

जयशंकर गुयाना, पनामा, कोलंबिया और डोमिनिकन रिपब्लिक की नौ दिनों की यात्रा पर है। विदेश मंत्री के रूप में लातिन अमेरिकी देशों तथा कैरिबियाई क्षेत्र की उनकी यह पहली यात्रा है।

वाणिज्य एवं उद्योग मंत्रालय
MINISTRY OF COMMERCE AND INDUSTRY
सत्यमेव जयते

# आधारभूत उद्योगों का उत्पादन मार्च में 3.6 प्रतिशत बढ़ा, 2022-23 वृद्धि में वृद्धि 7.6 प्रतिशत रही

**नयी दिल्ली, (वार्ता)।** देश के आठ प्रमुख उद्योगों के संयुक्त उत्पादन में मार्च 2023 में एक साल पहले इसी माह की तुलना में 3.6 प्रतिशत वृद्धि रही जो पांच माह की सबसे धीमी वृद्धि है। इससे पिछले महीने इन आधारभूत उद्योगों का उत्पादन सालाना आधार पर 7.2 प्रतिशत बढ़ा था। वित्त वर्ष 2022-23 में आठ आधार भूत उद्योगों की संचयी वृद्धि सालाना आधार पर 7.6 (अनंतित) रही। शुक्रवार को वाणिज्य एवं उद्योग मंत्रालय की ओर से जारी आंकड़ों के अनुसार मार्च, 2023 में कोयले, उर्वरक, इस्पात, प्राकृतिक गैस और रिफाइनरी उत्पादों का उत्पादन बढ़ा, जबकि कच्चे तेल, सीमेंट और बिजली के उत्पादन में गिरावट आई।

मंत्रालय के बयान में कहा गया है, "मार्च 2022 के की तुलना में मार्च 2023 में आठ प्रमुख उद्योगों का संयुक्त उत्पादन सूचकांक 3.6 प्रतिशत (अनंतिम) बढ़ा। मार्च 2023 में कोयला, उर्वरक, इस्पात, प्राकृतिक गैस और रिफाइनरी उत्पादों का उत्पादन पिछले साल के इसी महीने की तुलना में बढ़ा।" देश के कुल औद्योगिक उत्पादन में इन आधारभूत उद्योगों का योगदान 40.27 प्रतिशत है। मंत्रालय के अनुसार संशोधित आंकड़ों के अनुसार दिसंबर 2022 में आधाभूत उद्योगों की वृद्धि दर 8.3 प्रतिशत रही जबकि अनंतिम आंकड़ों में यह 7.6 प्रतिशत बतायी गयी थी। मार्च, 2023 में कोयला उत्पादन सालना आधार पर 12.2 प्रतिशत बढ़ा और पूरे 2022-23 के दौरान 14.8 प्रतिशत बढ़ा।

# शुरुआती कारोबार में सेंसेक्स 73.79 अंक टूटा, निफ्टी में भी गिरावट

**मुंबई, (भाषा)।** निवेशकों के कारोबार से दूरी बनाने की वजह से घरेलू शेयर बाजार में चार दिन से जारी तेजी थम गई और शुक्रवार को शुरुआती कारोबार में सेंसेक्स, निफ्टी टूट गए।




इस दौरान, शुरुआती कारोबार में बीएसई का 30 शेयरों वाला सेंसेक्स 73.79 अंक की गिरावट के साथ 60,575.59 अंक पर था। वहीं नेशनल स्टॉक एक्सचेंज का निफ्टी 17.85 अंक टूटकर 17,897.20 अंक पर कारोबार कर रहा था। सेंसेक्स में, बजाज फिनसर्व, एशियन पेंट्स, हिंदुस्तान यूनिलीवर, एक्सिस बैंक, इंडसइंड बैंक, पॉवर ग्रिड, बजाज फाइनेंस और कोटक महिंद्रा बैंक के शेयर प्रमुख रूप से नुकसान में रहे। दूसरी ओर, विप्रो, टेक महिंद्रा, टाटा कंसल्टेंसी सर्विसेस, सन फार्मा और रिलायंस इंडस्ट्रीज के शेयर लाभ में कारोबार कर रहे थे। एशियाई बाजारों में, सियोल के बाजार नुकसान में रहे जबकि जापान, शंघाई और हांगकांग के बाजार लाभ में कारोबार कर रहे थे। अमेरिका के बाजार बृहस्पतिवार को अच्छे लाभ के साथ बंद हुए थे। पिछले कारोबारी सत्र में, बृहस्पतिवार को बीएसई का 30 शेयरों वाला सेंसेक्स 348.80 अंक यानी 0.58 प्रतिशत चढ़कर 60,649.38 अंक पर बंद हुआ था। नेशनल स्टॉक एक्सचेंज (एनएसई) का मानक सूचकांक निफ्टी भी 101.45 अंक यानी 0.57 प्रतिशत की बढ़त के साथ 17,915.05 अंक पर पहुंच गया था। इसबीच वैश्विक तेल मानक ब्रेंट क्रूड 0.41 प्रतिशत बढ़कर 78.69 डॉलर प्रति बैरल पर था।

शेयर बाजार के आंकड़ों के अनुसार, विदेशी संस्थागत निवेशकों (एफआईआई) ने बृहस्पतिवार को शुद्ध रूप से।,652.95 करोड़ रुपए के शेयर खरीदे।

# सनराइजर्स हैदराबाद पर लगातार दूसरी जीत के लिए दिल्ली कैपिटल्स को बल्लेबाजी में करना होगा सुधार

**नई दिल्ली।** इंडियन प्रीमियर लीग में लगातार पांच हार के बाद पिछले दो मैचों में जीत दर्ज करने वाली दिल्ली कैपिटल्स की टीम शनिवार को यहां सनराइजर्स हैदराबाद के खिलाफ मैदान में उतरेगी तो उसकी उम्मीदें बल्लेबाजों से बेहतर प्रदर्शन की होगी। पिछले दोनों मैचों दिल्ली को जीत दिलाने में गेंदबाजों की भूमिका अहम रही। टीम का पिछला मुकाबला भी सनराइजर्स हैदराबाद के खिलाफ ही थी। हैदराबाद में खेले गए कम स्कोर वाले इस मैच को दिल्ली ने सात रन से जीता था।

दिल्ली कैपिटल्स के कप्तान डेविड वार्नर ने अपनी पूर्व टीम के खिलाफ गेंदबाजों का शानदार इस्तेमाल किया था। अक्षर पटेल और कुलदीप यादव की स्पिन गेंदबाजों की जोड़ी ने हैदराबाद के बल्लेबाजों पर अंकुश लगाया और फिर आखिरी ओवर में मुकेश कुमार ने शानदार तरीके से 13 रन का बचाव किया।

इस मुकाबले में इशांत शर्मा और एनरिच नोर्किया ने भी प्रभावित किया। टीम के लिए परेशानी का सबसे उसकी बल्लेबाजी है। पिछले मुकाबले में टीम ने 62 रन पर पांच विकेट गंवा दिया था। मनीष पांडे और अक्षर पटेल की संयमित बल्लेबाजी से दिल्ली ने 20 ओवर में नौ विकेट पर 144 रन बनाए थे। वार्नर ने ज्यादातर मैचों में टीम की बल्लेबाजी का बोझ उठाया है लेकिन दूसरे छोर से अच्छा साथ नहीं मिलने के कारण वह खुल कर नहीं खेल पा रहे हैं। इस सत्र में पावरप्ले में उन्होंने सबसे ज्यादा डॉट गेंदें




खेली हैं। खराब लय में चल रहे पृथ्वी साव की जगह टीम ने पिछले मैच में फिल साल्ट से पारी का आगाज कराया लेकिन वह खाता खोलने में नाकाम रहे। मिशेल मार्श अपनी छोटी पारी के दौरान अच्छे दिखे, लेकिन पांच पारियों में 31 रन उनकी कुछ और कहानी बयां करती हैं। सरफराज खान और अमन हकीम खान ने भी संघर्ष किया है और ज्यादातर मैचों में अगर अक्षर बल्ले से योगदान नहीं देते तो इस आईपीएल में दिल्ली के लिए चीजें शर्मनाक हो सकती थीं।

इस स्पिन ऑलराउंडर के कौशल का पूरी तरह से उपयोग करने के लिए उसे बल्लेबाजी क्रम में ऊपर भेजने की जरूरत है।वहीं दूसरी तरफ सनराइजर्स की टीम पिछले मुकाबले के ज्यादातर समय तब मैच को जीतने की स्थिति में थी। टीम को हालांकि धीमी शुरुआत का खामियाजा भुगतना पड़ा।

आईपीएल में अपने पहले शतक के बाद हैरी ब्रुक पावरप्ले में रन बनाने में संघर्ष करते दिखे है।

मयंक अग्रवाल, राहुल त्रिपाठी और अभिषेक शर्मा जैसे बल्लेबाजों के प्रदर्शन में निरंतरता नहीं रही है।

टीम के गेंदबाजों ने हालांकि प्रभावशाली प्रदर्शन किए है। भुवनेश्वर कुमार ने पिछले मुकाबले में चार ओवर में महज 11 रन खर्च कर दो विकेट चटकाए तो वहीं वाशिंगटन सुंदर ने मैच के आठवें ओवर में तीन विकेट चटकाकर दिल्ली को बड़ा स्कोर खड़ा करने से रोक दिया था।

# नीरज चोपड़ा और बिंद्रा ने प्रदर्शनकारी पहलवानों के प्रति समर्थन जताया




**नई दिल्ली।** ओलंपिक स्वर्ण पदक विजेता नीरज चोपड़ा और अभिनव बिंद्रा ने प्रदर्शनकारी पहलवानों के प्रति समर्थन व्यक्त करते हुए न्याय सुनिश्चित करने के लिए अधिकारियों से त्वरित कार्वाई करने की मांग की।

इन स्टार खिलाडय़ों की प्रतिक्रिया ऐसे समय में आई है जबकि भारतीय ओलंपिक संघ (आईओए) की अध्यक्ष पीटी उषा ने भारतीय कुश्ती महासंघ (डब्ल्यूएफआई) के प्रमुख बृजभूषण शरण सिंह के खिलाफ अपनी शिकायत दर्ज कराने के बजाय अपने विरोध प्रदर्शन को फिर से शुरू करने के लिए सड़कों पर उतरने के लिए पहलवानों की कड़ी आलोचना की थी। एथलेटिक्स में भारत के लिए पहला ओलंपिक स्वर्ण पदक जीतकर इतिहास रचने वाले भाला फेंक के एथलीट चोपड़ा ने कहा कि पहलवानों को न्याय के लिए सड़क पर उतरने के लिए मजबूर होना पड़ा जो कि आहत करने वाला है।उन्होंने ट्वीट किया, हमारे खिलाडय़ों को न्याय की मांग करते हुए सड़कों पर देखकर मुझे दुख होता है। उन्होंने हमारे महान राष्ट्र का प्रतिनिधित्व करने और हमें गौरवान्वित करने के लिए कड़ी मेहनत की है। एक राष्ट्र के रूप में, हम प्रत्एक व्यक्ति, चाहे वह खिलाड़ी हो या कोई और, की अखंडता और सम्मान की रक्षा के लिए जिम्मेदार हैं। जो हो रहा है वह कभी नहीं होना चाहिए।

चोपड़ा ने कहा, यह एक संवेदनशील मुद्दा है, और इससे निष्पक्ष और पारदर्शी तरीके से निपटा जाना चाहिए। संबंधित अधिकारियों को न्याय सुनिश्चित करने के लिए त्वरित कार्वाई करनी चाहिए।

## अतंरराष्ट्रीय

# पाकिस्तानी अदालत ने ईशनिंदा के आरोप में गिरफ्तार चीनी नागरिक को रिहा किया




**इस्लामाबाद।** पाकिस्तान में ईशनिंदा के आरोप में गिरफ्तार किए गए चीनी नागरिक को रिहा कर दिया गया है और उसे एक अज्ञात स्थान पर ले जाया गया है। मीडिया में आई एक खबर में शुक्रवार को यह जानकारी दी गई।

उत्तरपश्चिमी एबटाबाद शहर की आतंकवाद रोधी अदालत ने 2,00,000 रुपए के मुचलके पर चीनी नागरिक को बृहस्पतिवार को जमानत दे दी। ईशनिंदा से संबंधित धारा का हवाला देते हुए न्यायाधीश ने कहा कि यह मामला उचित आधार के दायरे में नहीं आता क्योंकि ईशनिंदा का आरोप एक गलतफहमी का नतीजा था। उन्होंने कहा कि कोहिस्तान में संबंधित पुलिस थाने ने चीनी नागरिक के खिलाफ एक झूठा मामला दर्ज किया था। डॉन अखबार की खबर के अनुसार, अदालत ने कहा कि रिकॉर्ड के अनुसार आरोपी ने ऐसा कोई अपराध नहीं किया, अतः उसे जमानत दी जाती है। चीनी नागरिक को 16 अप्रैल को अपर कोहिस्तान जिले में गिरफ्तार किया गया था जब एक भीड़ ने यह आरोप लगाते हुए कराकोरम राजमार्ग को अवरुद्ध कर दिया था कि उसने परियोजना स्थल पर नमाज पढने के लिए लंबे समय तक अवकाश लेने को लेकर मजदूरों के साथ बहस के दौरान ईशनिंदा की थी।

# यूक्रेन में रूसी हवाई हमले में 13 लोगों की मौत

**कीव, (वार्ता)।** यूक्रेन के विभिन्न शहरों में रूसी हवाई हमले में एक बच्चे सहित 13 लोगों की मौत हो गयी है। यूक्रेन के मध्यवर्ती शहर उमान में एक रिहायशी इलाके पर हुए हवाई हमले में एक बच्चे सहित 11 लोगों तथा निप्रो शहर में ऐसे ही हमले में तीन वर्षीय बालिका और उसकी मां की मौत हो गयी। अधिकारियों ने शुक्रवार को यह जानकारी दी।

यूक्रेन के राष्ट्रपति वोलोदिमीर ज़ेलेंस्की ने बताया कि रूसी हमले में एक अपार्टमेंट ब्लॉक क्षतिग्रस्त हो गया, जिसमें 11 लोगों की मौत हो गयी और 11 अन्य घायल हो गए। घायलों को अस्पताल में भर्ती कराया गया। उन्होंने एक ट्वीट में कहा, ₹बुराई को हथियारों से रोका जा सकता है। हमारे रक्षक ऐसा कर रहे हैं। इस हमले के बाद रूस के खिलाफ और अंतरराष्ट्रीय कार्रवाई की जरूरत है और



उस पर वैश्विक प्रतिबंधों को बढ़ाया जाना चाहिए।₹ कीव शहर के सैन्य प्रशासन के प्रमुख ने कहा कि यह 51 दिनों में राजधानी पर पहला रूसी मिसाइल हमला है। अधिकारियों ने संदेश सेवा टेलीग्राम पर एक पोस्ट में कहा कि 23 में से 21 मिसाइलें और दो हमलावर ड्रोन यूक्रेन की वायु रक्षा प्रणाली द्वारा मार गिराए गए। एक अन्य स्थानीय निवासी ने बताया कि उन्हें स्थानीय समयानुसार करीब 04:30 बजे एक विस्फोट सुनाई दिया, इसी दौरान, दो अन्य बहुत तेज़ विस्फोट हुए।

# चीनी वायु सेना का दावा, ताइवान जलडमरूमध्य के ऊपर अमेरिकी सैन्य विमान आये नजर

**बीजिंग, (वार्ता)।** चीनी पीपुल्स लिबरेशन आर्मी (पीएलए) की वायु सेना ने शुक्रवार को ताइवान जलडमरूमध्य के ऊपर एक अमेरिकी समुद्री गश्ती विमान देखा। पीएलए के पूर्वी थिएटर कमान के प्रवक्ता शी यी ने शुक्रवार को यह जानकारी दी।

प्रवक्ता ने सोशल मीडिया के प्लेटफॉर्म वीचैट के माध्यम से कहा, 'पीएलए लड़ाकू कमान के पूर्वी क्षेत्र के लड़ाकों ने अमेरिकी विमान का निरीक्षण किया।' उन्होंने कहा कि अमेरिका की ओर से यह एक उकसावा है, जिससे ताइवान क्षेत्र में अशांति का माहौल पैदा करने की मंशा साफ तौर पर जाहिर होती है, जो क्षेत्रीय सुरक्षा के लिए भी खतरा पैदा करता है।

शी ने कहा कि चीनी सैनिक बाहरी गतिविधियों पर हमेशा कड़ी नजर बनाए रखते हैं और वे राज्य की संप्रभुता तथा क्षेत्रीय अखंडता की रक्षा करते हैं। गौरतलब है कि चीन ताइवान के साथ अन्य देश्यों के किसी भी आधिकारिक संपर्क का विरोध करता है और द्वीप पर चीनी संप्रभुता को निर्विवाद मानता है।

उत्तराखंड प्रहरी **छोटी खबरें**

## कांग्रेस के नगर अध्यक्ष ने थामा भाजपा का दामन

**लखनऊ।** उत्तर प्रदेश नगरीय निकाय चुनाव से ऐन पहले कांग्रेस को झटका देते हुए पार्टी के लखनऊ-दक्षिण नगर अध्यक्ष दिलप्रीत सिंह बृहस्पतिवार को अपने समर्थकों के साथ भाजपा में शामिल हो गए। इसके कुछ घंटों बाद कांग्रेस ने सिंह और एक अन्य नेता अजय श्रीवास्तव अज्जू को निष्कासित कर दिया। पूर्व में, लखनऊ छावनी विधानसभा सीट से चुनाव लड़ चुके दिलप्रीत सिंह और उनके समर्थक आज प्रदेश के उप मुख्यमंत्री ब्रजेश पाठक की मौजूदगी में भाजपा में शामिल हो गए। इसके कुछ घंटों बाद कांग्रेस की अनुशासन समिति के सदस्य श्याम किशोर शुक्ला के हस्ताक्षर से जारी पत्र में दिलप्रीत सिंह को पार्टी विरोधी गतिविधियों में शामिल होने के आरोप में निष्कासन का आदेश जारी कर दिया गया। पार्टी ने अपने लखनऊ-उत्तर क्षेत्र के नगर अध्यक्ष अजय श्रीवास्तव उर्फ अज्जू को भी इसी आरोप में बाहर का रास्ता दिखा दिया है। उप मुख्यमंत्री ब्रजेश पाठक ने दिलप्रीत सिंह का भाजपा में स्वागत करते हुए कहा कि सिंह और उनके साथी नगरीय निकाय चुनावों में भाजपा उम्मीदवारों को जीत दिलाएंगे। पाठक ने दूसरी पार्टियों से आकर भाजपा में शामिल हुएअन्य नेताओं का भी स्वागत किया। इससे पहले, गत रविवार को शाहजहांपुर से समाजवादी पार्टी की महापौर पद की उम्मीदवार अर्चना वर्मा भी उप मुख्यमंत्री पाठक की मौजूदगी में भाजपा में शामिल हो गई थी। इसके चंद घंटों बाद भाजपा ने उन्हें शाहजहांपुर से ही महापौर पद का प्रत्याशी घोषित कर दिया था।

## जम्मू में पहली बार रात में खाकी वर्दी में ड्यूटी दी रही हैं महिलाएं

**जम्मू, (वार्ता)।** जम्मू पुलिस ने महिला नशा तस्करों पर नजर रखने के लिए बड़ा कदम उठाते हुए शहर में रात के समय जरुरतमंद महिलाओं की मदद के लिए सामने आयी है और महिला कांस्टेबलों को तैनात किया गया है। एक वरिष्ठ पुलिस अधिकारी ने बताया कि यह पहला मौका है जब रात के समय सबसे पहले भीड़ वाले इलाकों में महिला कांस्टेबलों की तैनाती की गयी है। प्रत्येक जांच चौकी पर रात 10 बजे से सुबह छह बजे तक दो महिला कर्मियों को तैनात किया जा रहा है।

उन्होंने बताया कि अब तक शहर के क्षेत्र में 12 प्रमुख जांच चौकी पर महिला कांस्टेबलों को न केवल किसी भी अप्रिय घटना पर नजर रखने के लिए, बल्कि रात के समय महिलाओं , विशेष रूप से कामकाजी महिलाओं को और अधिक सुरक्षित बनाने तथा अकेले यात्रा करने वालों की सहायता करने के लिए भी तैनात किया गया है।

## पुंछ आतंकवादी हमले के मामले में स्थानीय लोगों से पूछताछ, 12 संदिग्ध हिरासत में: डीजीपी

**जम्मू, (वार्ता)।** केन्द्र शासित प्रदेश जम्मू-कश्मीर के पुलिस महानिदेशक (डीआईजी) दिलबाग सिंह ने शुक्रवार को कहा कि पुंछ आतंकवादी हमले के मामले में 200 से अधिक स्थानीय निवासियों से पूछताछ की गई और अब तक 12 संदिग्धों को हिरासत में लिया गया है। इस घटना में अहम सुराग मिले हैं। उन्होंने कहा कि पुंछ में 21 अप्रैल को हुए आतंकवादी हमला को स्थानीय लोगों के समर्थन से ही अंजाम दिया गया था। हमले में पांच जवान शहीद हो गए थे। राजौरी जिले के दरहाल इलाके में जारी तलाशी अभियान का जायजा लेने के बाद पुलिस महानिदेशक ने संवाददाताओं से कहा, "इस तरह के हमले (पुंछ) स्थानीय लोगों के समर्थन के बिना नहीं किया जा सकता।" उन्होंने कहा कि आतंकवादियों को स्थानीय लोगों ने आश्रय दिया और फिर दूसरी जगह हमले को अंजाम देने के लिए परिवहन मुहैया कराया गया था। सिंह ने कहा कि अधिकतम नुकसान पहुंचाने के लिए सेना के वाहनों को निशाना बनाने के लिए स्टील की परत चढ़े कवच-भेदी गोलियों और आईईडी का इस्तेमाल किया गया। उन्होंने कहा कि आतंकवादी राजौरी-पुंछ इलाके में सक्रिय है, और बारिश के बावजूद स्थानीय नागरिकों की मदद से सेना के वाहन पर हमला करने में सफल रहे।

# पीएम मोदी ने देश के 18 राज्यों और 2 केन्द्र शासित प्रदेशों में 91 एफएम ट्रांसमीटरों का किया लोकार्पण









उत्तराखंड प्रहरी ब्यूरो

**देहरादून।** मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने कार्यक्रम में मुख्यमंत्री आवास से वर्चुअल प्रतिभाग किया। जिन 91 एफएम ट्रांसमीटरों का उद्घाटन किया गया उनमें उत्तरकाशी में स्थापित एफएम ट्रांसमीटर भी शामिल है।

मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने कार्यक्रम के पश्चात कहा कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी द्वारा आज जिन 91 एफएम ट्रांसमीटरों का उद्घाटन किया गया, इससे करोड़ों लोग जुड़ेंगे। इससे सरकार की विभिन्न योजनाओं से जुड़ने में लोगों को आसानी होगी। कनेक्टिविटी को बढ़ाने का यह एक मजबूत माध्यम है। उन्होंने कहा कि इससे सोशल एवं कल्चरल कनेटिविटी को भी बढ़ावा मिलेगा। उन्होंने कहा कि उत्तरकाशी सीमांत जनपद होने के नाते सीमांत क्षेत्र के लोगों को सुविधा होने के साथ ही एफएम ट्रांसमीटर की सुविधा होने से अब एक बड़े क्षेत्र को इसका लाभ मिलेगा।

## पूर्व प्रेमी ने युवती की अश्लील फोटो सोशल मीडिया पर प्रसारित की, मामला दर्ज

**नोएडा।** उत्तर प्रदेश के गौतमबुद्ध नगर जिले के सेक्टर-113 थाना क्षेत्र के सेक्टर-76 स्थित एक सोसायटी में रहने वाली एक युवती ने अपने पूर्व प्रेमी के खिलाफ उसकी अश्लील तस्वीरें और वीडियो को सोशल मीडिया पर प्रसारित करने के आरोप में प्राथमिकी दर्ज कराई है। पुलिस प्रवक्ता ने यह जानकारी दी। उन्होंने बताया कि पीड़िता का आरोप है कि उसके पूर्व प्रेमी ने उसका मोबाइल फोन छीन लिया और फिर उससे हासिल दोनों के अंतरंग पलों की तस्वीरें और वीडियो सोशल मीडिया पर साझा करने लगा। पुलिस प्रवक्ता धर्मेंद्र कुमार शुक्ला ने बताया कि युवती ने भोपाल (मध्य प्रदेश) निवासी संकेत दुबे के खिलाफ बृहस्पतिवार रात सेक्टर-113 थाने में उसकी अश्लील तस्वीरें और वीडियो सोशल मीडिया पर प्रसारित करने के आरोप में मुकदमा दर्ज कराया है। शुक्ला के मुताबिक, पीड़िता का आरोप है कि वह संकेत के साथ करीब छह साल तक सहमति से संबंध में रही, लेकिन बाद में प्रेमी के खराब व्यवहार के चलते वह उससे अलग हो गई।

## बदरीनाथ धाम के कपाट खुले, हजारों श्रद्धालु बने गवाह



**बदरीनाथ (उत्तराखंड)।** हल्की बर्फवारी और बारिश के बीच गढ़वाल हिमालय के विश्वप्रसिद्ध बदरीनाथ धाम के कपाट बृहस्पतिवार को विधि विधान के साथ श्रद्धालुओं के लिए खोल दिए गए।

इसी के साथ उत्तराखंड की प्रसिद्ध चारधाम यात्रा पूरी तरह से शुरू हो गई। अन्य तीन धामों- केदारनाथ, गंगोत्री और यमुनोत्री के कपाट पहले ही खोले जा चुके हैं।

श्री बदरीनाथ केदारनाथ मंदिर समिति के अध्यक्ष अजेंद्र अजय ने बताया कि भगवान बदरीविशाल के मंदिर के कपाट ब्रह्म बेला में पूरे वैदिक मंत्रोचारण एवं विधि विधान के साथ सुबह 7:10 बजे श्रद्धालुओं के लिए खोल दिए गए। उन्होंने बताया कि इस मौके पर पहली पूजा प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के नाम से की गई। मंदिर के कपाट खुलने के अवसर पर धाम में हजारों की संख्या में श्रद्धालु मौजूद रहे, जिन पर हैलीकॉप्टर से पुष्पवर्षा भी की गई। इस मौके पर धाम को 15 कुंतल फूलों से सजाया गया था। तड़के चार बजे कपाट खुलने की प्रक्रिया शुरू होते ही कुबेर जी, उद्धव जी और पवित्र गाडू घड़ा दक्षिण द्वार से मंदिर परिसर में लाया गया। इसके बाद, मुख्य पुजारी रावल ईश्वरी प्रसाद नंबूदरी ने धर्माधिकारियों, मंदिर समिति के पदाधिकारियों और वरिष्ठ प्रशासनिक अधिकारियों की मौजूदगी में भगवान विष्णु की विशेष पूजा-अर्चना कर मंदिर के कपाट श्रद्धालुओं के दर्शनार्थ खोल दिए। बारिश और हल्की बर्फबारी के बीच सेना की टुकडी के बैंड की मधुर धुन तथा स्थानीय महिलाओं के पारंपरिक संगीत एवं नृत्य के साथ भगवान बदरीनाथ की स्तुति ने परिसर में मौजूद श्रद्धालुओं को मंत्रमुग्ध कर दिया। मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने कपाट खुलने के अवसर पर श्रद्धालुओं को शुभकामनाएं दीं और कहा कि चारधाम यात्रा के सकुशल संचालन के लिए राज्य सरकार ने तमाम व्यवस्थाएं की हैं।

## महाराष्ट्र: बारसू रिफाइनरी योजना पर लोगों को विश्वास में लिया जाना चाहिए: उद्धव

**मुंबई।** शिवसेना (उद्धव बालासाहेब ठाकरे) के प्रमुख उद्धव ठाकरे ने कहा कि उन्होंने महाराष्ट्र के कोंकण क्षेत्र के रत्नागिरी में नाणार में प्रस्तावित रिफाइनरी परिसर के लिए एक वैकल्पिक स्थल के रूप में बारसू का सुझाव दिया था, लेकिन यदि वह मुख्यमंत्री बने रहते तो वह वहां के लोगों को विश्वास में लेने के बाद ही इस संबंध में आगे बढ़ते।




ठाकरे के कैबिनेट सहयोगी एकनाथ शिंदे की बगावत के बाद पिछले साल जून में महा विकास आघाड़ी (एमवीए) सरकार गिर गई थी। उन्होंने चेतावनी दी कि वह उनकी सरकार गिराए जाने का बदला लेंगे।मुंबई से लगभग 400 किलोमीटर दूर रत्नागिरी में राजापुर तहसील के बारसू के निवासी कई हजार करोड़ रुपए की अनुमानित लागत से एक रिफाइनरी-पेट्रोकेमिकल परिसर की स्थापना का विरोध कर रहे हैं। निवासियों का दावा है कि यह संयंत्र तटीय क्षेत्र की पारिस्थितिकी तंत्र को नष्ट कर देगा। शिवसेना (यूबीटी), राष्ट्रवादी कांग्रेस पार्टी (राकांपा) और कांग्रेस इन निवासियों का समर्थन करते रहे हैं। इन दलों का कहना है कि राज्य सरकार को लोगों की सभी तरह की आशंकाओं को दूर करने के बाद ही आगे बढ़ना चाहिए। शिवसेना (यूबीटी) की व्यापार संघ इकाई, भारतीय कामगार सेना की 55वीं वार्षिक आम बैठक को संबोधित करते हुए, ठाकरे ने कहा, मैंने लोगों के विरोध के कारण नाणार के वैकल्पिक स्थल के रूप में बारसू का सुझाव दिया था। मेरी सरकार गिरा दी गई थी या अन्यथा मैं मांग करता कि इस परियोजना के संबंध में स्थानीय निवासियों को समझाया जाए। उन्होंने कहा कि लोगों को रोजगार सृजन और हरित रिफाइनरी के फायदों के बारे में बताना होगा। साथ ही उन्होंने सवाल किया कि अगर यह हरित रिफाइनरी है, तो पुलिस मनमानी क्यों कर रही है? ठाकरे ने पूछा कि इस तरह की परियोजनाएं महाराष्ट्र पर क्यों थोपी जा रही हैं? उन्होंने कहा कि उपमुख्यमंत्री देवेंद्र फडणवीस को बारसू का दौरा करना चाहिए था और स्थानीय निवासियों को रिफाइनरी परिसर के बारे में समझाना चाहिए था।

# केडी - द डेविल में काम करेंगी रेश्मा नानैया




दक्षिण भारतीय अभिनेत्री रेश्मा नानैया फिल्म केडी - द डेविल में ध्रुव सरजा के साथ नजर आएंगी। केडी द डेविल के निर्माताओं ने फिल्म की लीडिंग लेडी खुलासा कर दिया है। रेशमा नानैया रानी मचलक्ष्मी के रूप में ध्रुव सरजा के साथ नजर आएंगी। अपने किरदार के बारे में बात करते हुए, रेश्मा ने कहा, "रानी मच्छलक्ष्मी के बारे में सबसे अच्छी बात यह है कि वह लार्जर देन लाइफ पेर्सोना अनुसरण करती हैं। पोस्टर देखकर आप ये अनुमान लगा सकते हैं, वह बहुत ही बुद्धिमान है, वह तेज-तर्रार है, और उनकी भूमिका निभाना वास्तव में बहुत ही शानदार अनुभव रहा। यह किरदार बहुत ही चुनौतीपूर्ण लेकिन रोमांचकारी था। एक्शन प्रिंस ध्रुवा के साथ के साथ स्क्रीन साझा करने के लिए बेहद उत्साहित हूं।" 1970 के दशक की बैंगलोर की घटनाओं पर आधारित पीरियड एक्शन एंटरटेनर, केडी - द डेविल में शिल्पा शेट्टी कुंद्रा, संजय दत्त और रविचंद्रन भी हैं। केविएन प्रोडक्शंस प्रस्तुतकर्ता प्रेम द्वारा निर्देशित केडी -द डेविल यह एक पैन-इंडिया फिल्म है जो मल्टीलिंगुअल तमिल, कन्नड़, तेलुगु, मलयालम और हिंदी में रिलीज होगी।




# आप की अदालत के स्पेशल एपिसोड में चार चांद लगाएंगे सलमान खान

बॉलीवुड स्टार सलमान खान दुबई में आप की अदालत के स्पेशल एपिसोड में हॉट सीट पर पेश होंगे। आखिरी बार 2014 में आप की अदालत में शिरकत करने के बाद सलमान खान इस सप्ताह के अंत में इंडिया टीवी के एडिटर-इन-चीफ रजत शर्मा के साथ एक बार फिर नजर आयेंगे। इस खुले मंच पर बेबाकी से बात करने के साथ सलमान कई रोमांचक वाकये सुनाएंगे। अपनी हालिया रिलीज, आने वाले प्रोजेक्ट और निजी जीवन सहित कई अन्य विषयों पर बात करेंगे। रजत शर्मा का आप की अदालत सबसे लंबे समय तक चलने वाला टीवी शो है। 1993 में लांन्च के बाद से यह शो हमेशा सुर्खियों में रहा है। आप की अदालत में राजनेता, फिल्म सितारे, एथलीट और गुरु सहित 1000 से अधिक हस्तियां हाजिर हो चुकी हैं। यह शो इंडिया टीवी पर हर शनिवार रात 10 बजे प्रसारित होता है और रविवार सुबह 10 बजे और फिर रात 10 बजे दुबारा प्रसारित किया जाता है।.

# 'महाकाल नगरी' का फर्स्ट लुक रिलीज





संजीव कुमार राजपूत द्वारा लिखित और निर्देशित फिल्म 'महाकाल नगरी' का फर्स्ट लुक रिलीज कर दिया गया है। 'महाकाल नगरी' एक सनानती साधु द्वारा देश में आतंकवाद फ़ैलाने और देशद्रोही का ख़ात्मा करने वाली स्टोरी लाइन पर आधारित है। फिल्म के लेखक और निर्देशक ने संजीव कुमार राजपूत ने बताया, आतंकवाद और आतंकवादी का कोई धर्म नहीं होता है। जब कोई शख़्स हाथों में हथियार उठा लेता है, इंसानियत का क़त्ल करता है और देश विरोधी गतिविधियों में संलग्न पाया जाता है तो ऐसे में उस शख़्स की पहचान उसके धर्म और समुदाय की बजाय उसके कुकर्मों से होने लगती है। इंसानियत के क़ातिल और देशद्रोहियों का धर्म नहीं देखा जाता है। वहीं, फिल्म निर्माता मनीष ओझा, प्रेमबीर सिंह और अलका वर्मा ने कहा कि 'महाकाल नगरी' की कहानी एक ऐसे शख़्स के इर्द-गिर्द घूमती है, जिसके पिता भारतीय सेना के क़ाबिल अफ़सर रहे चुके हैं लेकिन उनका बेटा सेना में जाकर देश सेवा करने की बजाय सोचता है कि क्यों ना वह सनातन धर्म की राह अपनाए जिससे वह धर्म के साथ साथ देश सेवा भी कर सकेगा। इसी उद्देश्य से फ़िल्म का नायक सनातन धर्म की सेवा के साथ साथ देश सेवा का भी प्रण लेता है और मौक़ा मिलने पर आतंकवाद का ख़ात्मा करने की ठान लेता है। फ़िल्म में दिखाया गया है कि सनातनी हिंदू धर्म हमेशा से ही शांति-प्रिय धर्म माना जाता रहा है और उसने हमेशा से ही इंसानी मूल्यों के हक़ में काम किया है। पारंपारिक तौर पर देखा जाए तो सनातनी कभी भी आतंकवादी गतिविधियों में लिप्त नहीं पाए गये हैं और उन्होंने हिंदू धर्म के मानवीय मूल्यों के प्रचार-प्रसार में अहम भूमिका निभाई है। उल्लेखनीय है कि श्री राध्या फ़िल्म प्रोडक्शन और बृजवासी फ़िल्म्स की प्रस्तुति 'महाकाल नगरी' में अंकित राज, काजल चौहान, अखिलेंद्र मिश्रा, कमलेश सावंत, शाजी चौधरी, सन्नी ठाकुर, हिमांशु श्रीवास्तव और राया लबीब जैसे कलाकार अहम रोल में नज़र आएंगे। इस फ़िल्म का निर्माण मनीष ओझा, प्रेमबीर सिंह और अलका वर्मा साझा तौर पर कर रही है।



# 'तेजाब' के रीमेक में काम नहीं कर रहे हैं कार्तिक आर्यन!

बॉलीवुड अभिनेता कार्तिक आर्यन का कहना है कि वह तेजाब के रीमेक में काम नहीं कर रहे हैं। बॉलीवुड में चर्चा हो रही थी कि फिल्म 'तेजाब' के रीमेक में कार्तिक की एंट्री हो गयी है। कार्तिक आर्यन ने इस खबर को गलत बताया है।कार्तिक ने ट्विटर के जरिए उस खबर का खंडन किया है, जिसमें कहा गया है कि फिल्म 'तेजाब' के रीमेक में अब कार्तिक की एंट्री हो गई है। इस पर कार्तिक ने ट्विटर पर री पोस्ट करते हुए लिखा 'नॉट टू'. साथ में उन्होंने हाथ जोड़ने वाली इमोजी भी शेयर की। गौश्रतलब है कि 'तेजाब' 1988 को रिलीज हुई थी. फिल्म का निर्देशन एन. चंद्रा ने किया था। फिल्म तेजाब में अनिल कपूर और माधुरी दीक्षित ने मुख्य भूमिका निभायी थी।



स्वामी, मुद्रक प्रकाशक/संपादक- विकास गर्ग ने भगवती प्रिंटिंग प्रेस, इंडस्ट्रियल एरिया, हरिद्वार उत्तराखंड से मुद्रित करवाकर 54 आवास विकास, विवेक विहार, रानीपुर मोड़, हरिद्वार उत्तराखंड से प्रकाशित किया।
प्रकाशक / संपादक: विकास गर्ग- फोन : 9897766448, : मुख्य संपादक / सुमित तिवारी- फोन : 8077771906 : Email : uttarakhandprahari19@Gmail.com